-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 14.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस अधिक्षक बांदा द्वारा थाना को0 देहात में नव-निर्मित जनसुनवाई कक्ष का फिता काट कर किया गया उदघाटन।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा आज दिनांक 14.11.2024 को थाना को0 देहात परिसर में बने नवीन उच्च स्तरीय जनसुनवाई कक्ष का फिता काट कर उदघाटन किया गया। आम-जनमानस की सुविधा के दृष्टिगत जनसुनवाई कक्ष का निर्माण किया गया है। आम-जनमानस के लिये जनसुनवाई कक्ष में बैठने के लिये कुर्सियों कि व्यवस्था कि गई है। एक समय में ही अधिक संख्या में शिकायतकर्ता जनसुनवाई कक्ष में बैठकर बारी-बारी से अपनी-अपनी समस्याओं के सम्बन्ध में बात कर सकेंगे। शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को भली-भांती सुन उनका निवारण किया जायेगा। इस दौरान अपर पुलिस अधिक्षक बांदा श्री शिवराज, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजीव प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी अतर्रा श्री प्रविण कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राजवीर गौर तथा निरीक्षक/उपनिरिक्षकगण उपस्थित रहे।